



# श्रीलंका को हराकर भारत अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में

**12** गेंदें शेष रहते आठ विकेट से जीता भारत

**139** रनों का लक्ष्य दिया था भारत को जीत के लिए

**दुबई 19 दिसंबर. गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐरन जॉर्ज ( नाबाद 58 ) और विहान मल्होत्रा ( नाबाद 61 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका को 12 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।**

139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान आयुष म्हात्र (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) के विकेट 25 के स्कोर पर गंवा दिये। ऐसे संकट के समय ऐरन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की अविजित साझेदारी हुई। भारत ने 18 ओवर में दो विकेट पर 139 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। ऐरन जॉर्ज ने 49 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 58) रनों की पारी खेली। वहीं विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 61) रन बनाये। श्रीलंका के लिए रसित निमसारा ने दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां चमिका हीनातिगला (42), कप्तान विमथ दिनसारा (32) और सेठमिका सेनेविरत्ने (30) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य दिया था। मैदान गीला होने के कारण विलंब से शुरु हुये मैच को 20-20 ओवरों का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दुलनिथ सिगेरा (एक), विरान चामुदिथा (19) और कविजा गमागे (दो) रन बनाकर आउट हुये।

# टीम इंडिया ने सीरीज पर किया कब्जा

## पांचवें टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से किया पराजित

**अहमदाबाद 19 दिसम्बर. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पांचवां एवं आखिरी मुकाबला शुक्रवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया. मुकाबले में भारत ने 30 रनों से जीत हासिल कर पांच मैचों की सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया. भारत ने साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 232 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन वो 8 विकेट पर 201 रन ही बना सका. भारत की ये 14वीं टी20 सीरीज जीत रही.**

▸ **तिलक-पांड्या के बाद चक्रवर्ती का चला चक्रव्यूह**

भारत की जीत में हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा और वरुण चक्रवर्ती की अहम भूमिका रही. हार्दिक ने 63 रन बनाने के अलावा एक विकेट झटका. तिलक ने 73 रन बनाए, वहीं स्पिनर वरुण ने चार विकेट झटके. भारत ने इस जीत के साथ ही साल 2025 का शानदार तरीके से अंत किया. दक्षिण अफ्रीका के लिए विकेट कीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने चेज में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की. डिकॉक ने रीज हेंड्रिक्स के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े. वरुण चक्रवर्ती ने हेंड्रिक्स को आउट करके इस पार्टनरशिप को ब्रेक किया. हेंड्रिक्स के आउट होने के कुछ देर बाद डिकॉक ने 8 चौके और 2 छक्के की मदद से 30 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की. डिकॉक और ब्रेविस के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी हुई.



**तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या की अर्धशतकीय पारियों से टीम इंडिया ने बड़ा स्कोर खड़ा किया**

भारत को दूसरी सफलता जसप्रीत बुमराह ने दिलाई, जिन्होंने डिकॉक को चलता किया. डिकॉक ने 35 गेंदों पर 65 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और तीन छक्के शामिल रहे. फिर डेवाल्ड ब्रेविस (31 रन) को हार्दिक पंड्या ने पैवेलियन भेज मेहमान टीम को एक और झटका दिया. अब विकेट लेने की एक बार फिर बारी वरुण चक्रवर्ती की थी. वरुण ने लगातार गेंदों पर एडेन मार्करम (6 रन) और डोनोवन फरेरा (0) को आउट किया. यहां से दक्षिण अफ्रीका मैच में पिछड़ चुका था. दक्षिण अफ्रीका की बड़ी उम्मीद डेविड मिलर भी 18 रन बनाकर पैवेलियन चल दिए, जिसके चलते उसका स्कोर 154/6 हो गया. जॉर्ज लिंडे (16 रन) और मार्को जानसेन (14 रन) भी कुछ बड़े शॉट्स लगाने के बाद अपना विकेट फेंक बैठे. इससे पहले भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 231 रन बनाए. भारत की शुरुआत तूफानी रही. संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने मिलकर पहले विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की. अभिषेक आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे, जिन्हें कॉर्बिन बॉश ने चलता किया.

अभिषेक ने 6 चौके और एक छक्के की मदद से 21 गेंद पर 34 रन बनाए. सैमसन आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे, जिन्हें जॉर्ज लिंडे ने अपनी स्पिन में फंसाया. सैमसन ने 22 गेंदों पर 37 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और दो छक्के शामिल रहे. कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिर निराश किया और वो 5 रनों के निजी स्कोर कॉर्बिन बॉश का शिकार बने.

### हार्दिक ने 16 गेंदों पर बनाया अर्धशतक

हार्दिक पांड्या ने इस मैच में मात्र 16 गेंद में फिफ्टी पूरी की. उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास में भारत के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उन्होंने अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ा, जिन्होंने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ 17 गेंद में पचासा ठोका था. हार्दिक ने इस मैच में 25 गेंद में 63 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के लगाए. भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम है, जिन्होंने 2007 टी20 विश्व कप में 12 गेंद में फिफ्टी लगाई थी .तिलक वर्मा इस साल टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 500 रन पूरे करने वाले केवल दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले अभिषेक शर्मा ने ऐसा किया है, जो इस साल 859 रन बना चुके हैं. तिलक इस साल 567 रन बना चुके हैं.

## टी20 विश्व कप 2026 : आज घोषित होगी भारतीय टीम

# भारत-श्रीलंका संयुक्त रूप से मेजबानी करेंगे

▸ **मुंबई में चयन समिति की अहम बैठक**

**मुंबई, 19 दिसंबर. टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत में अब दो महीने से भी कम समय शेष रह गया है और भारतीय क्रिकेट टीम अपनी तैयारियों के अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इसी कड़ी में शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) की सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति की अहम बैठक मुंबई में आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बाद टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम का एलान किया जाएगा। साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए भी टीम की घोषणा की जाएगी।**

चयन बैठक के बाद मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव दोपहर 1:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इस दौरान टीम चयन, खिलाड़ियों की फॉर्म, फिटनेस और रणनीति से जुड़े कई अहम मुद्दों पर स्थिति साफ होने की उम्मीद है।

टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में किया जाएगा। भारत इस टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगा। वर्ष 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था। अब टीम इंडिया के सामने इतिहास रचने की चुनौती होगी, क्योंकि अब तक कोई भी टीम टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव नहीं कर सकी है।



▸ **दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद चयन प्रक्रिया तेज**

भारतीय टीम इस समय दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला शुक्रवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा। सूत्रों के अनुसार, कप्तान सूर्यकुमार यादव इस मैच के बाद सीधे मुंबई पहुंचेंगे, ताकि शनिवार को होने वाली चयन बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हो सकें। चयनकर्ताओं के लिए यह सीरीज खिलाड़ियों की फॉर्म और संयोजन को परखने का बड़ा मंच रही है।

## डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 : कोलकाता टेस्ट सीरीज के साथ शुरू

**कोलकाता.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा समर्थित और डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) ने यहां डेफ के लिए टेस्ट नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप के चौथे संस्करण गुरुवार से शुरु हो गया है।

डॉ. साइरस पूनावाला ग्रुप के संरक्षण में आयोजित इस टेस्ट सीरीज में दो सेमीफाइनल क्रिकेट मैच 18 से 23 दिसंबर तक कोलकाता के मर्लिन राइज क्रिकेट ग्राउंड और राजस्थान क्लब ग्राउंड में एक साथ खेले जाएंगे।

## ट्रैविस हेड के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में

**एडिलेड, 19 दिसंबर। सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। हेड ने नाबाद 145 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने नाबाद 52 रन बनाए।**

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहली पारी में 286 रन पर समेटने के बाद शुक्रवार को तीसरे दिन स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 271 रन बना लिये हैं। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 356 रन की हो गई है और



वह मैच में निर्णायक स्थिति की ओर बढ़ रहा है। आज इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 213 रन से आगे शुरू की। सुबह के सत्र में इंग्लैंड की उम्मीदें उस समय कमजोर पड़ गईं, जब कप्तान बेन स्टोक्स आउट हो गए। 85वें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क ने स्टोक्स को बोल्ड कर दिया।

## न्यूजीलैंड ने 575 रन पर पारी घोषित की

**माउंट मॉन्गानुई ( न्यूजीलैंड ) 19 दिसंबर.** डेवन कॉन्वे (227) और रचिन रविंद्र (नाबाद 72) की शानदार पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ विकेट पर 575 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। इसके

**वेस्टइंडीज की ठोस शुरुआत**

जवाब में वेस्टइंडीज ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट गंवाये 110 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। आज यहां न्यूजीलैंड ने कल के एक विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट जेकब डफी (17) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन (31) रन बनाकर आउट हुये। इसी दौरान डेवन कॉन्वे ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। यह उनके करियर का छठा शतक है। उनके करियर का यह दूसरा दोहरे शतक है।

### एक नजर में

## गौतम गंभीर को टीम के कोच की जगह प्रबंधक होना चाहिए : कपिल देव

**कोलकाता, 19 दिसंबर.** भारत के पहले विश्व कप जीतने वाले कप्तान कपिल देव ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को लेकर कहा कि आज के क्रिकेट सेटअप में गंभीर को कोच के बजाय टीम प्रबंधक के तौर पर देखा



जाना चाहिए। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के आईसीसी शताब्दी सत्र में कपिल ने कहा कि समकालीन क्रिकेट में 'कोच' शब्द को अक्सर गलत समझा जाता है और उन्होंने उच्चतम स्तर पर इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। कपिल की यह टिप्पणी भारत के हाल ही में घर पर टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार के बाद गंभीर की बढ़ती आलोचना के बीच आई है, जिसमें खिलाड़ियों के बार-बार रोटेशन और ऑलराउंडरों पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर गंभीर की आलोचना की गई है। कपिल ने कहा, 'आज, कोच नाम का यह शब्द, कोच एक बहुत ही आम शब्द है। गौतम गंभीर कोच नहीं हो सकते। वह टीम के मैनेजर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप कोच कहते हैं, तो कोच वह होता है जिनसे मैं स्कूल और कॉलेज में सीखता हूं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि गौतम गंभीर किसी लेग-स्पिनर या विकेटकीपर को क्रिकेट की बारीकियां कैसे सिखा सकते हैं। उनके अनुसार, यह काम स्कूल या कॉलेज स्तर के कोचों का होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कोच का असली काम खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझना, उनका मनोबल बढ़ाना और टीम के लिए एक सही माहौल तैयार करना है।' पूर्व ऑलराउंडर ने इस बात पर बल दिया कि कोच का काम तकनीकी सिखाने से ज्यादा खिलाड़ियों का सही तरीके से प्रबंधन करना होता है।

## सात्विक-चिराग ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में दूसरी जीत दर्ज की

**हांगझोऊ (चीन) 19 दिसंबर.** भारत की टॉप पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2025 ग्रुप बी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे नंबर पर मौजूद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने दुनिया की नंबर 8 इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान-मुहम्मद शोहिबुल फिक्री को 60 मिनट में 21-11, 16-21, 21-11 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की। लगातार दो जीत के बावजूद, सात्विक और चिराग अभी तक नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं, क्योंकि ग्रुप बी की चार में से तीन जोड़ियां अभी भी दौड़ में हैं। हालांकि, इंडोनेशियाई जोड़ी दो हार के बाद बाहर हो गई है। हर ग्रुप (ए-बी) की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

# इंडियन विमेंस लीग आज से शुरू

▸ **ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी**

**नयी दिल्ली 19 दिसंबर देश के आठ शीर्ष महिला फुटबॉल क्लब के बीच शनिवार से शुरु होने वाली इंडियन विमेंस लीग ( आईडब्ल्यूएल ) 2025-26 में पूर्व चैंपियन ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने मैदान में उतरेगी।**

भारत की प्रीमियर महिला फुटबॉल लीग पहली बार, दो चरणों में खेली जाएगी। पहला चरण 20 दिसंबर 2025 से नौ जनवरी, 2026 तक चलेगा। जबकि दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई, 2026 तक खेला जायेगा।



यह स्प्लिट कैलेंडर खिलाड़ियों की उपलब्धता और भारतीय महिला फुटबॉल के लिए एक अभूतपूर्व साल से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए शुरू किया गया है। सभी मैच पश्चिम बंगाल में सेंट्रलाइज्ड जगहों पर होंगे। कोलकाता के सॉल्ट लेक में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीई) और कल्याणी में कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम। हर टीम दूसरी टीम के साथ दो बार मैच खेलेंगी।

**महिला हॉकी इंडिया लीग** ▸ रांची में तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, 28 दिसंबर से होगा आगाज

# महिला एचआईएल के सभी मुकाबले इस बार रांची में

**रांची, 19 दिसंबर। महिला हॉकी इंडिया लीग ( एचआईएल ) 2025-26 को लेकर राजधानी रांची में खेल उत्साह चरम पर है। पहली बार महिला एचआईएल के सभी मुकाबलों की मेजबानी रांची को मिली है, जिससे न सिर्फ शहर बल्कि पूरे झारखंड में हॉकी प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। 28 दिसंबर से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।**

### राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रांची पहुंचे, अभ्यास सत्र तेज



मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पूरी तरह सजाया-संवारा जा रहा है। स्टेडियम में रंग-रोगन, दर्शक दीर्घा की मरम्मत, मैदान की फिनिशिंग, लाइटिंग व्यवस्था और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है। आयोजन समिति का दावा है कि खिलाड़ियों और दर्शकों को विश्वस्तरीय अनुभव देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

इस बार महिला हॉकी इंडिया लीग का रांची में आयोजन राज्य के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की नामचीन महिला खिलाड़ियों की मौजूदगी से राजधानी एक बार फिर हॉकी के वैश्विक मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराने जा रही है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस आयोजन से झारखंड में महिला हॉकी को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। टूर्नामेंट से पहले ही कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रांची पहुंच चुके हैं।